# हनुमान जन्मोत्सव पर बालाजी के जयकारे गूंजे, धार्मिक अनुष्ठानों सहित कई कार्यक्रम हुए



पाली शहर में हनुमान जयंती पर शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत



सायला के पास आलासन में श्री चमत्कारी प्रकट हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

**सायला**, (निसं)। सायला के पास आलासन स्थित श्री चमत्कारी प्रकट हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में शनिवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर प्रातः उम्मेदाबाद महंत आशा भारती व आलासन महंत हीरा भारती के सान्निध्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा को लेकर सवेरे से ही श्रद्धालुओं का पारम्परिक वेशभूषा में सजधज कर आने का सिलसिला शुरू हो गया था। प्रातः 9 बजे तक मंदिर परिसर में बडी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड जमा हो गई।

इसके बाद शोभायात्रा शुरू हुई। जिसमें सबसे आगे लाभार्थी परिवार के सदस्य सुसज्जित अश्वों पर धर्म ध्वजा लेकर बैठे हुए थे। इसके पीछे 108 कलशधारी बालिकाएं पारम्परिक वेशभूषा में सज-धजकर चल रही थी।

शोभायात्रा में चांदी के रथ पर हनुमानजी की प्रतिमा विराजमान थी। वही युवा बैण्ड बाजो व डीजे के भक्ति गीतों पर झूमते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में गेर नृत्य, कच्ची घोडी नृत्य, बेंड बाजे, आदि आकर्षण के केंद्र रहें। शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से रवाना होकर गांव के मुख्य मार्गो व चौहटो से होकर मंदिर परिसर पहुंचकर विसर्जित हुई। इसके बाद दोपहर में महाप्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

इससे पूर्व ट्रस्ट द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में मंदिर को रंगबिरंगे फूलों व रोशनी से सजाया गया था। साथ हनुमानजी की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया था।

मंदिर में श्रद्धालुओं ने हनुमानजी को प्रसादी व चूरमे का भोंग लगाकर खुशहाली की कामना की। वही शाम को पांच हजार दीपकों से मंदिर की भव्य सजावट तथा 108 दीपकों से महाआरती की गई। हाट बाजार में ग्रामीणों ने खरीददारी का लुत्फ उठाया। साथ ही छोटे बच्चे झूलो का आनंद लेते नजर आए। वही महिलाओ ने घरेलू सामान की खरीददारी की।

## राम दरबार ने मन मोहित किया

सायला शहर के कुम्हारों का वास में श्री संकट मोचन ओबली वाले हनुमान सेवा समिति एवं समस्त किलावत परिवार के तत्वावधान में ओबली वाले हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार एवं प्रतिष्ठा कार्य म की शनिवार को पूर्णाहुति हुई। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्य मों का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के तहत प्रथम दिन शुक्रवार शाम को गणपति पूजन किया गया। साथ ही रात्रि में भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजन संध्या का आगाज गायक नरपत देवासी बालोतरा ने गणपति वंदना एवं गुरू वंदना से किया। इसके बाद मंगल भवन अमंगल हारी.., राम आएंगे.., कीजो केसरी के लाल.., झूम झूम नाचे देखो भक्त हनुमान.., वीर हनुमाना अति बलवाना... सरीखे से एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही नृत्य कलाकारों ने राम दरबार समेत विभिन्न झांकियों की प्रस्तुति देकर वाहवाही बटोरी। द्वितीय दिन शनिवार को प्रातः हवन के बाद शुभ मुहुर्त में मंदिर का जीर्णोद्धार एवं प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस दौरान पूरा प्रांगण हनुमानजी के जयकारों से गुंजायमान हो गया। श्रद्धालुओं ने हनुमानजी को प्रसादी का भोग लगाकर शीश नवाया तथा खुशहाली की कामना की। इसके बाद महाप्रसादी का आयोजन हुआ।

## सनातनी सेना ने निकाला जुलूस

**पाली**, (नि.सं.)। हनुमान जयंती के अवसर पर पहली बार सनातनी सेना ने आदर्श नगर स्थित रत्नेश्वर महादेव मंदिर से जुलूस निकाला। सुबह 10 बजे बैंड बाजा डीजे के साथ घोड़े, झांकियां, वाहन रैली केसरिया ध्वज लहराते युवा हनुमान जी के जयकार लगाते हुए रवाना हुए। जुलूस में केसरिया ध्वज लहराते युवा चल रहे थे। राम लक्ष्मण सीता हनुमान, अशोक वाटिका में हनुमान, महिला भजन मंडली जुलूस के साथ थ। दो रथ में संत और अंत में बालाजी की तस्वीर रखी। जुलूस अंबेडकर सर्किल, सूरजपाल सोमनाथ मंदिर सराफा बाजार, पानी दरवाजा भेरूघाट, गांधी मूर्ति गीता भवन पहुंच समाप्त हुआ। जुलूस का सूरजपाल पर ठंडी छाछ, धोला चौतरा पर गणेश महिला मंडल द्वारा शीतल पेय की व्यवस्था की गई।

## बिठुजा में सुंदरकांड पाठ किया

**बालोतरा**, (निसं)। बिठुजा के शिवधुणा व हरदेवगिरीजी महाराज की जीवित समाधी परिसर के बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया।

पुजारी नरपत गिरी ने बताया की हनुमान जयंती को लेकर ग्रामवासियों ने अल सुबह से ही बालाजी मूर्ति पर तेल सिंदूर माली पन्ना व नारियल चढ़ाकर पूजा अर्चना की। शिवलिंग, हिंगलाज माता , राधाकृष्ण, हरदेवगिरी महाराज, शिवगिरी महाराज की समाधि स्थल पर भी पूजा अर्चना की। ग्रामीणों ने मठ के गादीपति ओंकारगिरी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# जलग्रहण यात्रा का सेवरों की ढाणी में स्वागत किया

**बालोतरा**, (निसं)। भू-संसाधन एवं जलग्रहण प्रबंधन खण्ड, भारत सरकार एवं जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग राजस्थान सरकार द्वारा जल संग्रहण एवं भू-संरक्षण से उन्नति की ओर बढते कदम थीम पर निर्धारित जलग्रहण यात्रा अंतर्गत पंचायत समिति सिणधरी की ग्राम पंचायत सेवरों की ढाणी में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।

जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार जलग्रहण विकास विभाग के अधीक्षण अभियंता घनश्याम सिंह राठौड के नेतृत्व में जलग्रहण यात्रा को लेकर 11 अप्रैल को ग्राम पंचायत सेवरों की ढाणी में प्रभात फेरी, साईकिल रैली, विद्यालय में जल की उपयोगिता पर निबंध प्रतियोगिता व जल से संबंधित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर जल संग्रहण एवं भू-संरक्षण का संदेश दिया गया। 12 अप्रैल को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सेवरों की ढाणी में आयोजित कार्य म में सरपंच प्रतिनिधि हनुमानराम, सामाजिक कार्यकर्ता मगाराम बेनीवाल, वार्डपंच शंकरलाल, पताराम सांई, तिलोक सुथार व पंचायत समिति सदस्या सुखीदेवी तथा विभाग के अधिशाषी अभियंता विवेक गुप्ता, सहायक अभियंता विवेकानन्द विद्यार्थी एवं कनिष्ठ अभियंता हेमंत कुमार व कुलदीप कुमार सहित ग्रामीणों ने बढ-चढकर भाग लिया।

कार्यक्रम में 11 अप्रैल को आयोजित पोस्टर मेकिंग, दौड-भाग प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिताओं में प्रथम से तृतीय तक स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं व जलग्रहण क्षेत्र में उत्कृष्ट कृषकों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में अतिथियों द्वारा पौधारोपण व श्रमदान किया गया।

कार्यक्रम में माया जन विकास सेवा संस्थान, दौसा की टीम स्वरूप खान महाबार द्वारा नुकड नाटक द्वारा एवं लोकगीतों की प्रस्तुति के माध्यम से जल बचाने हेतु प्रेरित किया।

अधिशाषी अभियंता विवेक गुप्ता ने बताया कि जलग्रहण यात्रा का जल को बूंद-बूंद बचाने हेतु समस्त प्रदेश वासियों को प्रेरित करने हेतु भारत सरकार एवं जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग राजस्थान द्वारा सम्पूर्ण राजस्थान में आयोजन किया जा रहा हैं। मगाराम बेनीवाल ने कहा कि ग्रामीणों को जल को बचाने हेतु भरपुर प्रयास किये जाने चाहिए। अपने मरूस्थल में पानी की बहुत बडी दिक्कत है, जिसको जलग्रहण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना में जुडकर जितना हो सके उतना जल का बचाव करना चाहिये। सेवरों की ढाणी सरपंच प्रतिनिधि हनुमानराम ने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जलग्रहण क्षेत्र को जल के लिये आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफलतम योजना है। जिसमें वर्षा जल का कैसे संरक्षण ओर संग्रहण किया जाये इस थीम पर कार्य संपादित करवाये जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत जलग्रहण विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत में टांका निर्माण कार्य, फार्म पॉण्ड निर्माण कार्य, चारागाह विकास कार्य इत्यादि कार्य करवाये हैं। जिसका ग्रामीणों को भरपुर फायदा मिल रहा हैं। कार्यक्रम के अंत में विभागीय सहायक अभियंता विवेकानन्द विद्यार्थी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों को जल शपथ दिलाई।

## जेल प्रहरी परीक्षा दो पारी में होगी

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा 2024 का आयोजन शनिवार को दो पारियों में प्रातः 10 से मध्याह्न 12 व अपरान्ह 03 बजे से सायं 05 तक जिला मुख्यालय के 18 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा जिला मुख्यालय के 10 सरकारी एवं 08 निजी कुल 18 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई एवं परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई।

कलैक्टर एल एन मंत्री ने बताया कि इस परीक्षा के लिए दो पारियों में अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा की प्रथम पारी में कुल 6528 में से 4491 उपस्थित, 2037 अनुपस्थित रहे, परीक्षा की प्रथम पारी में 68.80 प्रतिशत उपस्थिति रही। इसी प्रकार परीक्षा की द्वितीय पारी में कुल 6528 में से 4630 उपस्थित व 1898 अनुपस्थित रहे, परीक्षा की द्वितीय पारी में 70.93 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे। परीक्षा के पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सफल आयोजन के दृष्टिगत प्रश्न पत्र वितरण के लिए प्रत्येक 02 परीक्षा केन्द्र पर 01 उपसमन्वयक एवं प्रत्येक पारी के लिए पृथक-पृथक उपसमन्वयक लगाये गये इस प्रकार कुल परीक्षा 18 परीक्षा केन्द्रों के लिए कुल 18 उपसमन्वयक दल की नियुक्ति की गई। परीक्षा में कुल 04 सतर्कता दल बनाये गये जो नियमित परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण एवं सघन जांच करते रहें। परीक्षा के लिए स्थापित कंट्रोलरूम परीक्षा समाप्ति तक स्थापित रहा। प्रत्येक केन्द्र पर दो विडियोग्राफर की नियुक्ति की गई।

# 'जीवन मूल्यों पर आधारित भारतीय संस्कृति अपनाओ'



राजकीय कन्या महाविद्यालय सूरसागर में नवसंवत्सर ( विक्रम संवत् 2082 ) कार्यक्रम आयोजित किया।

**जोधपुर**, (का.सं.)। राजकीय कन्या महाविद्यालय सूरसागर में आज शनिवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (उच्च शिक्षा), राजस्थान की स्थानीय कालेज इकाई के तत्वावधान में नवसंवत्सर (विक्रम संवत् 2082) कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अरुण व्यास ने छात्राओं को संबोधित करते हुए जीवन मूल्यों पर आधारित भारतीय संस्कृति को आत्मसात करने का आहवान किया। उन्होंने विज्ञान और संस्कृति के क्षेत्रों में भारतीय वैज्ञानिकों और मनीषियों के अमूल्य योगदान को याद करते हुए वेदों और संस्कृत भाषा के अध्ययन पर जोर देने का आ ान किया और नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दी।

नवसंवत्सर कार्यक्रम में वार्ताकार वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. परवीन ने छात्राओं को हिन्दू नव वर्ष की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसी दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि का सृजन किया और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन मातृ शक्ति की उपासना करने के लिए नवरात्र घटस्थापना की जाती है। उन्होंने कहा कि महान भारतीय गणितज्ञ भास्कराचार्य ने इसी तिथि को पंचांग की रचना की और भगवान श्री राम का राज्याभिषेक हुआ तथा महाराजा विक्रमादित्य ने शकों को परास्त कर नए युग का सूत्रपात किया जिसे हम विक्रम संवत के नाम से जानते हैं।

इस अवसर पर सतीश चन्द्र बोहरा ने छात्राओं को एआई के ख़तरों से आगाह करते हुए शिक्षकों से ज्ञानार्जन के लिए तत्पर रहने की सीख दी।कार्यक्रम का संचालन डॉ अलका बोहरा ने किया। प्रोफेसर (डॉ.) अनुराधा श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में संकाय सदस्य प्रोफेसर (डॉ.) हेमु चौधरी, डॉ सुनिता चावड़ा, मोअज्जम अली और छात्राओं ने सहभागिता की।

## अंबेडकर जयंती की तैयारी की

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। हर वर्ष की भांति 14 सोमवार को भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयन्ती समारोह का आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर समारोह आयोजन समिति एवं नगर परिषद जैसलमेर के संयुक्त तत्वाधान में होगा। छोटूसिंह भाटी विधायक, जैसलमेर, प्रतापसिंह जिला प्रमुख, जैसलमेर सालेह मोहम्मद पूर्व केबिनेट मंत्री एवं पूर्व विधायक मुल्तानाराम बारुपाल पूर्व विधायक प्रतापसिंह जिला कलक्टर, जैसलमेर रुपाराम धण्दे पूर्व विधायक,जैसलमेर परसाराम अति. जिला कलक्टर एवं प्रशासक नगर परिषद जैसलमेर रामजीराम ईणखिया समाजसेवी उम्मेदसिंह तंवर जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, जैसलमेर की उपस्थिति मेँ डॉ अम्बेडकर पार्क गड़ीसर चौराहा, जैसलमेर में कार्यक्रम होगा।

## जोराराम ने जनसुनवाई की

**पाली**, (नि.सं.)। कैबिनेट व पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने आज शनिवार को सुमेरपुर में जनसुनवाई की व आमजन की समस्याओं को सुना साथ ही समाधान के लिये सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान हो। इस अवसर पर उन्होंने लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुना औऱ संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# कांग्रेसजनों ने सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा की



जालोर जिला कांग्रेस के पुनः निर्मित कार्यालय राजीव गांधी भवन के लोकार्पण व कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर सरोज चौधरी के निर्देशन में महिलाओं को न्यौता दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जिला कांग्रेस के पुन निर्मित कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन का लोकार्पण एवम जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं सम्मेलन तैयारियो को लेकर विभिन्न ब्लॉकों एवम मंडलो की बैठको का दौर जारी है।

कांग्रेस जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि आगामी 15 अप्रैल, मंगलवार सुबह 10.30 बजे होने जा रहे कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, जालोर कांग्रेस प्रत्याशी रमिला मेघवाल, पीसीसी सदस्य सवाराम पटेल,आहोर ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र जोशी,जालोर ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, सायला ब्लॉक अध्यक्ष सवाई सिंह चम्पावत, भाद्राजून ब्लॉक अध्यक्ष गलबराम मीणा अपने सम्बंधित ब्लॉकों में जाकर मंडल एवम बूथ स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कार्य म में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवम नेताओं से कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आने का अनुरोध किया जा रहा है।

कुम्पावत ने बताया कि जालोर, आहोर,सायला बागरा, जीवाणा,हरजी, बिशनगढ़, भाद्राजून, रामा,भोरडा, बाला, मोतीसरी, भंवरानी, निम्बला, बांकली, कानीवाडा, भागली, ऊण, सियाणा, रायपुरिया, बिबलसर, आकोली में बैठक करके कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निमंत्रण दिया जा रहा हैं।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भाद्राजून कालूराम मेघवाल,जिला महासचिव मदनलाल दहिया, मंडल अध्यक्ष भोरडा छोगाराम चौधरी, मंडल अध्यक्ष सियाणा युद्धवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष बागरा शंकर अग्रवाल, बालूसिंह राजपुरोहित, रूपाराम मेघवाल, अल्लाह बख्श खत्री, शाकिर अली, मांगीलाल, मकराराम, भूराराम, खुशालाराम सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# आई.आई.टी. जोधपुर के शोधार्थी लेटा व हरजी पहुंचे



खेसला के उत्पादन व बुनकरों की आत्मनिर्भरता को लेकर आईआईटी जोधपुर के शोधार्थी दल ने लेटा व हरजी में बुनाई एवं मिट्टी के घोड़े बनाने की बारीकियां समझी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (नि.सं.)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर के शोधार्थी दल रविवार को हरजी और लेटा पहुंचा। जहां दल सदस्यों ने लेटा में खेसला बुनाई की कला की बारीकियां समझी साथ ही के उत्पादों के निर्माण, बुनकरों की आर्थिक सामाजिक स्थित व महिलाओं की आत्मनिर्भरता को लेकर उनसे चर्चा की।

शोधार्थियों द्वारा खेसला निर्माण कला के संरक्षण व आने वाली पीढ़ियों को इस विरासत के हस्तांतरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

गौरतलब है कि अपने 3 दिवसीय दौरे पर जालोर पहुंचा शोधार्थियों का यह दल पश्चिम राजस्थान पारंपरिक व्यावसायिक कौशल के अंतरपीढ़ी हस्तांतरण पर सामाजिक आर्थिक प्रभाव विषय पर भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के तहत सांस्कृतिक स्थिरता और सामाजिक-आर्थिक गतिशीलता पर शोध कर रहा है। इनकी यह पहल राजस्थान की समृद्ध हस्तशिल्प परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन में सहायक होगी, जिससे यह कला भविष्य की पीढ़ियों तक पहुंचाई जा सकें। इस पहल से जिले में स्थानीय कारीगरों, विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाया जा सकेगा और पारंपरिक कला एवं शिल्प को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सकेगी।

शोधार्थियों का यह दल सहायक आचार्य डॉ. आकांक्षा चौधरी एवं डॉ लइक सिद्दीकी एवं गोपा कुमार के सुपरविजन में कार्य कर रहा है। दल में नेहा पिलानिया, ज्ञानचंद, श्वेता, वामा, जिकमिक, रिद्धि, मुकेश खारवाल व अरविंद शामिल है।

## विप्र फाउंडेशन की बैठक हुई

**सायला**, (निसं)। श्री खेतेश्वर पंचधाम मंदिर पर शनिवार को विप्र फाउंडेशन ब्लॉक सायला की बैठक प्रदेश अध्यक्ष टाईगर अशोकसिंह राजपुरोहित, महामंत्री दिनेश दवे, जिला अध्यक्ष नैनसिंह राजपुरोहित आलासन, जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित व ब्लॉक अध्यक्ष सांवलाराम दादाल की उपस्थिति में आयोजित हुई। कालूसिंह राजपुरोहित को ब्लॉक कोषाध्यक्ष एवं नरपतसिंह राजपुरोहित रेवतडा को सहकोषाध्यक्ष नियुक्त किया।जिलामंत्री शैतानसिंह मेंगलवा, उपाध्यक्ष मुकेश वैष्णव, महामंत्री जबरसिंह चौराऊ, मंत्री बलवन्तराज आसाणा, मंत्री ओखसिंह वालेरा, प्रवक्ता खीमसिंह, सह प्रभारी भोपसिंह उदेश, पंचधाम उपाध्यक्ष दरगाराम पाँथेडी, श्री खेतेश्वर गुरुकुल अध्यक्ष जेताराम बावतरा, भंवरलाल चौराऊ, भबूतसिंह सायला, हडमताराम चौराऊ समेत विप्र समाजबंधु मौजूद रहे।

## राज्यपाल 15 को बीकानेर आयेंगे

**बीकानेर**, (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे 15 अप्रैल को प्रातः 11 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे यहां से प्रातः 11:10 बजे महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे तथा विश्वविद्यालय के मीराबाई ऑडिटोरियम में प्रातः 11:30 बजे से आयोजित होने वाले राजस्थान पशु विज्ञान और पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे।

# पीपाजी की जयंती मनाई



पाली में पीपा समाज ने राणा प्रताप चौक स्थित चारभुजा मंदिर से शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। संत पीपाजी महाराज की जयंती के अवसर पर क्षत्रिय पीपा समाज ओर से राणा प्रताप चौक स्थित चारभुजा मंदिर से सुबह बैंड बाजा के साथ शोभायात्रा रवाना हुई। समाज के युवक सफेद वस्त्र पहने, महिलाएं पीली साड़ीया पहने शोभा यात्रा के साथ चल रही थी। झांकियों में पीपा जी महाराज की झांकी, राम दरबार, नव दुर्गा, शिव पार्वती की झांकी मुख्य रही।

शोभायात्रा रवाना होकर गुलजार चौक गोल निंबड़ा, सराफा बाजार फतेहपुरिया बाजार होते हुए पानी दरवाजा स्थित सीरे घाट पहुंच समाप्त हुई। उसके बाद सरस्वती स्कूल के निकट समाज भवन में सम्मान समारोह हुआ। जिसमें अध्यक्ष विक्रम भाटी, के नेतृत्व में दानदाताओं का स्वागत और प्रसादी का कार्यक्रम हुआ। शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर व शीतल जल पिलाकर स्वागत किया गया।

**मंदिरों में उमड़ी भीड़**

अंजनी के लाल राम भक्त हनुमान जी की जयंती के अवसर पर शहर के हनुमान मंदिर में जोरदार भीड रही, जहां भक्तगण सुबह से ही बालाजी को रोट, प्रसाद चढ़ाया। भेरू घाट दादू दयाल हनुमान मंदिर, सरे घाट पंचमुखी बालाजी, चादर वाले बालाजी, खोडिया बालाजी, बजरंग बाग, सिद्धेश्वर हनुमान, मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में भक्त पहुंचे।

शिवबाड़ी में पंचमुखी बालाजी के समक्ष 108 आसन पर श्रीमाली समाज के पुरुषों महिलाओं ने सुंदरकांड पाठ किया। अध्यक्ष पी ऍम जोशी के नेतृत्व में श्रीमाली बंधू ने भाग लिया। सोमनाथ मंदिर में बजरंग बाग में भी सुंदरकांड के पाठ का आयोजन हुआ।

## अंबेडकर जयंती तनाने पर चर्चा की

**पाली**, ( नि.सं. )। सरस्वती शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर मै संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब अम्बेडकर जयंती 2025 के उपलक्ष्य में डॉ अंबेडकर जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश होने के कारण आज विद्यालय मै चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्सव प्रभारी नितेश तोषावरा ने बताया कि विद्यालय के भैया द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर चित्रकला प्रतियोगिता और चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भैयाओ ने भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। चित्रकला प्रदर्शनी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर किवांग लोगवे रहे और दूसरे स्थान विराट सैन रोहित सिंह और तीसरे स्थान किलूंग बुइग, हितेश टांक राधे कृष्णा जांगिड़ रहे। साथ ही भैया खुशवीर सिंह,मोहित, हिमांशु राजूराम वेदांश सोनी ने बाबा साहब के पेंसिल स्केच बना कर विद्यालय मै कला का प्रदर्शन दिया। प्रतियोगिता के बाद अपना स्थान बनाने वाले को मोमेंटो और पेन दे कर भैयाओ का हौसला वर्धन व सम्मान किया गया। प्रधानचार्य कृष्ण कुमार राजपुरोहित ने बाबा साहब की जीवनी के बारे मै बताया। उपप्रधानाचार्य लादूराम सीरवी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भैयाओ को रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और संविधान के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से प्रतियोगिता आयोजित की गई।